भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4102
25.03.2025 को उत्तर के लिए नियत

नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना

4102. श्री धर्मबीर सिंह:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की भिवानी-महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जिलावार नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने या वर्तमान विनिर्माण सुविधाओं को उन्नत करने की कोई योजना है;

(ख) क्या मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत उक्त क्षेत्र में भारी उद्योगों को आकर्षित करने के लिए कोई प्रोत्साहन प्रदान किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु औद्योगिक कौशल के लिए प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) : उद्योग राज्य का विषय है, अतः भारी उद्योग मंत्रालय भिवानी-महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम सहित देश के किसी भी भाग में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के संबंध में कोई केन्द्रीकृत आंकड़े नहीं रखता।

(ख) और (ग): (क) को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

(घ) : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) : (घ) को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

***